Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to shift antique statue of Devi Rukmani from Archeologoical Museum at Vidisha to Damyanti Archeological Museum, Damoh district, Madhya Pradesh for safe custody.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह): कुण्डलपुर, जिला दमोह, मध्य प्रदेश के दिनांक 4.2.2002 की रात्रि में देवी रूखमणि जी की अति प्राचीन मूर्ति चोरी हो गई थी। यह मूर्ति राजस्थान के हिण्डोली जिला से दिनांक 5.4.2002 को दामोह पुलिस द्वारा बरामद की गई थी, परन्तु मूर्ति की अभिरक्षा सुनिश्चित न होने से इसे ग्यारसपुर, जिला विदिशा, मध्य प्रदेश के पुरातत्व संग्रहालय में रखा गया है। वर्तमान में म. प्र. राज्य के दमोह जिले का मुख्यालय में दमयंती पुरातत्व विभाग का संग्रहालय है जहां पर यह मूर्ति सुरक्षित रखी जा सकती हे। वर्तमान में जिला दमोह प्रशासन मूर्ति की सुरक्षा को लेकर सहमत एवं आश्वस्त है, मैंने म. प्र. के मुख्यमंत्री से भी तत्संबंध में आग्रह किया है। जन भावनाओं एवं जिले के पुरातत्व महत्व को ध्यान में रखते हुए म. प्र. सरकार से समन्वय स्थापित कर देवी रूखमणि जी की मूर्ति को पुरातत्व संग्रहालय ग्यारसपुर, जिला विदिशा से पुरातत्व संग्रहालय दमोह को सौंपने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।